राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने ली डीडवाना–कुचामन जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ – राज्यपाल श्री बागडे

जयपुर/डीडवाना–कुचामन, 10 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिले, ग्रामीण क्षेत्र में आमजन को योजनाओं की जानकारी देकर लाभांवित करे तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक अभिवृद्धि के लिए विशेष प्रयास किये जाए।

राज्यपाल श्री बागड़े मंगलवार को नगर परिषद कुचामन के मीटिंग हॉल में डीडवाना–कुचामन जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

श्री बागडे ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण – प्रशिक्षण कराते हुए विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने व उनके सर्वांगीण विकास के प्रयास करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि भारत के ऐतिहासिक एवं प्राचीन ग्रंथ ज्ञान के महत्वपूर्ण भंडार हैं। इससे विद्यार्थियों के बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि हो ऐसे प्रयास हमारी शिक्षण व्यवस्था द्वारा किये जाए। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ड्रॉप–आउट विद्यार्थियों को पुनरू शिक्षा से जोड़ने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए।

श्री बागडे ने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराने, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत दूर–दराज तक के गांवों व ढाणियों को सड़कों से जोड़ने, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नल कनेक्शन से शेष रहे घरों तक शीघ्र नल द्वारा जल पहुंचाने के लिए निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर बारिश के मौसम में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों की सफाई कराने तथा वर्षा जल का संग्रहण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा संग्रहण व निस्तारण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की और कचरे को उचित प्रकार से निस्तारित करने, जैविक खाद बनाने के लिए निर्देश दिए। ।

श्री बागडे ने कहा कि जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी को विभाग के छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए खेल–कूद से संबंधित जरूरी व्यवस्थाएँ करने की जरूरत है। उन्होंने पशुपालन विभाग, डेयरी विभाग, राजीविका,चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा कर पात्रों तक लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर पुखराज सेन ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार प्रगति की जानकारी प्रदान की। श्री बागडे ने जिला पुलिस अधीक्षक से जिले में कानून एवं व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर बच्चों व महिलाओं से जुड़े अपराधों के विरुद्ध त्वरित कारवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने वितरित की इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर

बैठक से पहले राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित 5 बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर वितरित की गई।

राज्यपाल श्री बागडे ने किया पौधारोपण

राज्यपाल श्री बागडे ने परबतसर उपखंड की ग्राम पंचायत खोखर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत बालाजी मन्दिर पर पौधारोपण किया और उपस्थित ग्रामीणजनों से संवाद कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।

टोंक जिले की बनास नदी में हुए हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 10 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने टोंक जिले में बनास नदी में युवकों के डूबने पर हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक
दिनाक 10.06.2025,समय: प्रात: 10:00 बजे
जिला प्रशासन, डीडवाना-कुचामन

डीडवाना-कुचामन